**संख्या-1731/एक-10-2023-33(221)/2011**

प्रेषक,

राम केवल,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,
गोमती नगर, लखनऊ।

राजस्व अनुभाग-10 लखनऊः दिनांकः 15/12/2023

**विषयः- उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की वेबसाईट पोर्टल के डिजाईन तथा डेवलपमेन्ट पर होने वाले व्यय हेतु राज्य आपदा मोचक निधि से धनावंटन के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-634/रा.आ.प्र.प्रा/2023-24, दिनांक- 09.10.2023 के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की वेबसाईट पोर्टल के डिजाईन तथा डेवलपमेन्ट पर होने वाले व्यय हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य आपदा मोचक निधि के ''कैपेसिटी बिल्डिंग मद'' से रू0 98,00,000/- (रू0 अट्ठानबे लाख मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0, राज्य आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के निवर्तन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति पप्रदान करते है:-

1. जिस मद में शासन द्वारा धनराशि स्वीकृत की जा रही है उसी मद में इस धनराशि का उपयोग किया जायेगा। अन्य किसी भी मद/विभागीय कार्य हेतु धनराशि का व्यय कदापि न किया जाये।
2. राज्य आपदा मोचक निधि की धनराशि का व्यय सक्षम अधिकारी द्वारा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त नियमानुसार प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित अवधि के अन्दर किया जायेगा।
3. वेबसाईट पोर्टल के डिजाईन एवं डेवलपमेन्ट पर होने वाले व्यय के सम्बन्ध में मितव्यता का अनुपालन किया जायेगा।
4. राज्य आपदा मोचक निधि से स्वीकृत धनराशियों के उपभोग/समर्पण के संबंध में शासनादेश संख्या-2/1-11-2013-रा0-11, दिनांक 04.03.2013 का अनुपालन किया जायेगा। शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि में से यदि कोई बचत/अवशेष की स्थिति बनती है, तो उसे वित्तीय वर्ष के समापन/दिनांक 31 मार्च, 2024 से पूर्व शासन को नियमानुसार समर्पित कर दिया जाये।
5. उक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण-पत्र वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 प्रस्तर-369-एच के अधीन निर्धारित प्रारूप संख्या-42 आई में शासन को उपलब्ध कराया जाये।
6. व्यय की गयी धनराशि महालेखाकार कार्यालय में सही मदों में पुस्तांकन कराया जाये और

प्रत्येक माह में महालेखाकार कार्यालय से आंकडे समाधानित एवं सत्यापित कराकर शासन को सूचित किया जाये।

7. उ०प्र० राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा वेबसाईट के डिजाईन तथा डेवलपमेन्ट हेतु संस्था/फर्म का चयन जेम पोर्टल से खुली निविदा के माध्यम से ही किया जायेगा। उक्त के सम्बन्ध में समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में विहित प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

**2- इस संबंध में होने वाला व्यय रू० 98,00,000/-(रू0 अट्ठानबे लाख मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-051 लेखाशीर्षक 2245-05-800-06-11 स्टेट डिजास्टर रेस्पांस फण्ड से व्यय मानक मद-42 अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।**

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17 मार्च, 2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

Digitally Signed by राम केवल
Date: 15-12-2023 15:13:06
Reason: Approved

(राम केवल)
विशेष सचिव।

<u>संख्या-1731(1)/एक-10-2023-33(221)/2011, तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार प्रथम/आडिट प्रथम, प्रयागराज, उ०प्र।
2. आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ०प्र०, लखनऊ।
3. वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, राहत आयुक्त कार्यालय, शास्त्री भवन, लखनऊ, उ०प्र०।
4. कोषाधिकारी/मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-5।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राम केवल)
विशेष सचिव।

## Allotment Grid Report

**वित्तीय वर्ष:-2023-2024**
**आवंटन दिनांक-18/12/2023**

**प्रेषण संख्या:-** 1731
**आवंटन आदेश संख्या:-** 001-1731
**अनुदान संख्या:-** 51 राजस्व विभाग (दैवी विपत्तियों के सम्बन्ध में राहत)(वित्तीय वर्ष 2023-2024 का आवंटन)
**लेखाशीर्षक:-** 2245 - प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत(आयोजनेत्तर-मतदेय)
05 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड
800 - अन्य व्यय
06 - स्टेट डिजास्टर रेस्पान्स फण्ड से व्यय
11 - स्टेट डिजास्टर रिस्पांश फण्ड से सामान्य व्यय

**(धनराशि रु. में)**

| S.No. | अधिकारी/जनपद का नाम | | 42-अन्य व्यय | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जवाहर भवन, लखनऊ-6019-up state disaster management authority , lucknow-01-a | वर्तमान<br>प्रगामी | 9800000<br>210134670 | 9800000<br>210134670 |
| | योग | वर्तमान<br>प्रगामी | 9800000<br>210134670 | 9800000<br>210134670 |

**महायोग-** (वर्तमान आवंटन):- रूपया अठानवे लाख
**महायोग-** (प्रगामी आवंटन):- रूपया इक्कीस करोड़ एक लाख चौंतीस हजार छ: सौ सत्तर

(जान्हवी मोहन)
**वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी**

वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी
राहत आयुक्त संगठन
उ०प्र० शासन